दस्तक टाइम्स
BREAKING NEWS

# ......तो फिर पेट्रोल की हो जाएगी बॉय-बॉय

- August 8, 2020
- In BREAKING NEWS, TOP NEWS, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

**लखनऊ (उमेश यादव) :** अगर सब कुछ सही रहा तो मोटर बाइक के क्षेत्र में एक बड़ी क्रांति देखने को मिल सकती है। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ (संबद्ध:अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय) के महानिदेशक (तकनीकी) प्रो. भरत राज सिंह का अविष्कार हवा से चलने वाली बाइक जल्द देखने को मिल सकती है। पर्यावरण को बचाने व महंगे पेट्रोल का तोड़ निकालकर प्रो.भरत राज सिंह सन 2008 से हवा से चलने वाली मोटर बाइक के लिये प्रयासरत थे।सब कुछ सही रहा तो जल्द ही उनकी हवा से चलने वाली मोटर बाइक सड़कों पर फर्राटा भरेगी।

**प्रो.भरत राज सिंह**

प्रो.भरत राज सिंह ने बताया कि अत्यन्त गर्व और खुशी की बात है,कि उनकी हवा से चलने वाली इंजन (मोटर बाइक) के लिये 12 वर्षो के लगातार प्रयास व विश्व के अनुसंधानों के परीक्षणोपरांत वाणिज्यक उपयोग हेतु पेटेंट, भारत सरकार द्वारा जारी कर दिया गया है।

डा.भरत राज सिंह से हुई वार्ता से ज्ञात हुआ कि अब वह भारत में स्थापित कम्पनियों जैसे: बजाज, होंन्डा, रोयल-इन-फील्ड, महिंद्रा व महिंद्रा तथा टाटा आदि से सम्पर्क कर जन-आकांक्षाओ के अनुरूप हवा से चलने वाली मोटर-बाइक को यथाशीघ्र प्रक्षेपित (लांच) करायेगे।


INTELLECTUAL PROPERTY INDIA
PATENTS | DESIGNS | TRADE MARKS
GEOGRAPHICAL INDICATIONS

क्रमांक : 011124995
SL No :

सत्यमेव जयते
भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
पेटेंट कार्यालय
THE PATENT OFFICE
पेटेंट प्रमाणपत्र
PATENT CERTIFICATE
(Rule 74 Of The Patents Rules)

| | | |
|---|---|---|
| पेटेंट सं. / Patent No. | : | 342731 |
| आवेदन सं. / Application No. | : | 2412/DEL/2010 |
| फाइल करने की तारीख / Date of Filing | : | 08/10/2010 |
| पेटेंटी / Patentee | : | 1.BHARAT RAJ SINGH 2.ONKAR SINGH |

प्रमाणित किया जाता है कि पेटेंटी को उपरोक्त आवेदन में यथाप्रकटित "ROTARY & VANE TYPE AIR ENGINE" नामक आविष्कार के लिए, पेटेंट अधिनियम, १९७० के उपबंधों के अनुसार आज तारीख 8th day of October 2010 से बीस वर्ष की अवधि के लिए पेटेंट अनुदत्त किया गया है।

It is hereby certified that a patent has been granted to the patentee for an invention entitled "ROTARY & VANE TYPE AIR ENGINE" as disclosed in the above mentioned application for the term of 20 years from the 8th day of October 2010 in accordance with the provisions of the Patents Act,1970.

THE PATENT OFFICE
GOVT.OF INDIA

अनुदान की तारीख : 28/07/2020
Date of Grant :

पेटेंट नियंत्रक
Controller of Patent

टिप्पणी - इस पेटेंट के नवीकरण के लिए फीस, यदि इसे बनाए रखा जाना है, **8th day of October 2012**को और उसके पश्चात प्रत्येक वर्ष मे उसी दिन देय होगी।

Note. - The fees for renewal of this patent, if it is to be maintained will fall / has fallen due on **8th day of October 2012** and on the same day in every year thereafter.

प्रो. सिंह यह भी बता रहे है कि उनकी उक्त शोध को विश्वस्तर पर एक बडी उप्लब्धि के रूप में सराहना प्राप्त हुई है। वह इस कार्य हेतु अपनी पत्नी मालती सिह व परिवारीगणो तथा गुरुजनो- डा. ओंकार सिंह व प्रोफ. दुर्ग सिह चौहान कुलपति का आभार व्यक्त करते है तथा एसएमएस के मुख्यकार्यकारी अधिकारी व समस्त अध्यापको आदि को धन्यवाद व बधाई प्रदान करते है।

FacebookTwitterWhatsAppPinterestEmailShare